


## अधिवक्ता की हत्या के विरोध में सोमवार को शहर में बंद

**छतरपुर,16 फरवरी.** अधिवक्ता की हत्या के विरोध में सोमवार को शहर में बंद जैसा माहौल रहा. कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे वकीलों ने प्रवेश नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए बैरिकेड तोड़ दिए और जमकर नारेबाजी की. मुख्य चौराहे पर चक्काजाम के कारण नेशनल हाईवे-75 और 86 पर करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा. मामला अधिवक्ता संजय सक्सेना की हत्या से जुड़ा है. वे करैरा सिविल कोर्ट जा रहे थे, तभी सागर ताल/आनंद सागर मंदिर के पास बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई. परिजनों ने जमीन विवाद और सुपारी किलिंग की आशंका जताई है .पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर में तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है, जबकि कुल पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है. अधिकारियों ने ज्ञापन पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है.




## लापता दो चचेरी बहनों ने शादी कर जारी किया वीडियो

**छतरपुर,16 फरवरी.** जिले के नौगांव क्षेत्र से 9 फरवरी से लापता दो चचेरी बहनों के मामले में नया मोड़ आया है. दोनों युवतियों ने वीडियो जारी कर बताया कि उन्होंने अपनी मर्जी से विवाह किया है और वे सुरक्षित हैं. उन्होंने पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की मांग करते हुए कहा कि वे बालिग हैं और किसी दबाव में नहीं हैं. वीडियो में युवतियों ने यह भी अपील की कि उनके ससुराल पक्ष को परेशान न किया जाए. उन्होंने आशंका जताई कि यदि उनके या उनके पति के परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी मायके पक्ष की होगी. परिजनों ने पहले गुमशुदगी दर्ज कराते हुए उन्हें नाबालिग बताया था और अपहरण की आशंका जताई थी. मामले में विरोध प्रदर्शन भी हुआ था.

## छतरपुर में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



**छतरपुर,16 फरवरी.** थाना भगवां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरेठी के एक परिवार ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन दिया. ग्राम बरेठी निवासी चिनुआ अहिरवार सोमवार (16 फरवरी 2026) दोपहर करीब 2 :30 बजे परिवार सहित एसपी कार्यालय पहुंचे और लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की. पीड़ितों के अनुसार 23 जनवरी 2026 को गांव के ही कुछ लोगों—राज बहादुर सिंह, देवेंद्र सिंह, यूवी राजा, भगवा राजा और गिन्नी राजा सहित अन्य आरोपियों—ने उनके साथ मारपीट की और घर में आग लगा दी, जिससे घरेलू सामान जल गया. घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक गिरफ्तारी नहीं होने का आरोप है .परिवार का कहना है कि आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं. प्रशासन ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है.



## हैदरगढ़ में धूमधाम से निकली शिव बारात

**हैदरगढ़,** ग्राम हैदरगढ़ में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सकल हिन्दू समाज के द्वारा शिव बारात निकाली गई .शिव बारात पंगा बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए राज मंदिर पर बारात का समापन किया गया. शिव बारात में डी जे पर बाबा के भजनों पर जमकर थिरके श्रद्धालु शिव बारात में गांव के सभी गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे .सुबह से ही शिव मंदिरों पर शिवालय में श्रद्धालुओं का सुबह से ही ताता लगा रहा. यहां पर भक्तों के द्वारा बाबा का अभिषेक किया गया एवं मंदिर पर दिन भर बाबा के दर्शन का कार्यक्रम चलता रहा.

# पीएम आवास योजना में वसूली का आरोप

▸ **हितग्राही को मिल रही धमकियां**

**चंदला ,16 फरवरी. जिले के गौरिहार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत उदयपुर के ग्राम बेरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर हितग्राहियों से कथित रूप से 5 हजार से 10 हजार रुपये की वसूली का मामला सामने आया था.**

आरोप है कि आवास फॉर्म वेरिफिकेशन के नाम पर 500 से 700 रुपये लिए गए. यह मामला पहले मीडिया में उजागर किया गया था. खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच कराई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.



शिकायत करने वाले हितग्राही ने आरोप लगाया कि उसने पूरी जानकारी मीडिया और अधिकारियों को दी थी. इसके बाद से ग्राम सरपंच और सचिव द्वारा उसे लगातार धमकियां दी जा रही हैं. हितग्राही का दावा है कि दोनों उसे मारने की धमकी दे रहे हैं और कह रहे हैं, 'जिस दिन मिल जाओगे, गाड़ी से कुचल देंगे.' पीड़ित हितग्राही दहशत में हैं और न तो आरोपितों पर कोई कार्रवाई हुई है और न ही उन्हें सुरक्षा मिली है. सवाल यह उठता है कि जब जांच हो चुकी है, तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई और क्या आरोपित किसी प्रभावशाली संरक्षण का लाभ उठा रहे हैं. जनता प्रशासन से जवाब मांग रही है कि कब तक ऐसे मामलों को दबाया जाएगा और क्या ग्राम सरपंच एवं सचिव पर कोई सख्त कार्रवाई होगी, या यह मामला भी फाइलों में ही ठंडा रह जाएगा. गौरिहार के एसडीएम बलबीर रमन को भी मामले की जानकारी दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई और मामला ठंडे बस्ते में रखा गया है.

## क्षेत्र में मुरम का उत्खनन जारी, प्रशासन मौन

▸ **हिनौता में सड़क निर्माण के नाम पर हो रही खुदाई**

**चंदला, 16 फरवरी क्षेत्र में अवैध खनन का मामला फिर से सामने आया है. ग्राम हिनौता में सड़क निर्माण के नाम पर बड़े पैमाने पर मुरम का उत्खनन किया जा रहा है.**

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बिना स्पष्ट अनुमति और निर्धारित मानकों के मिट्टी और मुरम की खुदाई लगातार जारी है, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा.

ग्रामीणों ने बताया कि भारी मशीनों के जरिए खुदाई की जा रही है और मुरम ट्रैक्टर-ट्रॉली से परिवहन किया जा रहा है. इससे खेतों और रास्तों को नुकसान पहुँच



रहा है, साथ ही धूल, धक्कड़ और गड्ढों के कारण लोगों को रोजमर्रा की परेशानी हो रही है. स्थानीय लोग कहते हैं कि यदि सड़क निर्माण के लिए सामग्री ली जा रही है तो उसकी मात्रा, स्थान और अनुमति सार्वजनिक होनी चाहिए, ताकि सरकारी कार्य की आड़ में अवैध उत्खनन न हो. मध्य प्रदेश में बिना अनुमति खनिज उत्खनन और परिवहन नियमों के खिलाफ माना जाता है, और इसके लिए भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है. ग्रामीण प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

## घोटाले की जांच करने टीम पहुंची अस्पताल

**आष्टा.** सरकारी दीमकों ने आयुष्मान योजना में ही 46 लाख रुपए से अधिक का बड़ा घोटाला कर डाला है और यह घोटाला सिविल अस्पताल में पदस्थ कर्मचारियों और डॉक्टरों ने ही अंजाम दिया है. सीहोर से लेकर भोपाल तक हड़कप मचने के बाद आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग भोपाल के महाप्रबंधक के निर्देश पर जांच टीम द्वारा पड़ताल की जा रही है. विभाग ने 6 सदस्यीय जिला स्तरीय जांच का गठन किया और यह जांच टीम सिविल सर्जन डॉ. उमेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रथम चरण में जांच करने सिविल अस्पताल पहुंची और घंटों तक आयुष्मान योजना पोर्टल को खंगाला और जरूरी दस्तावेज को भी अपने साथ ले गई.



## सड़कों पर भी मनमानी, विभाग का कोई अंकुश नहीं

**चंदला,16 फरवरी. लोकनिर्माण विभाग के माध्यम से संगम कंस्ट्रक्शन कंपनी, महाराजपुर द्वारा चंदला और सरवई क्षेत्र में 7.43 करोड़ रुपए की लागत से चार सड़कों का निर्माण किया जा रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि अर्थ वर्क से ही ठेकेदार द्वारा मनमानी शुरू कर दी गई है.**

ग्रामीण धरमपाल राजपूत, बुद्ध सिंह राजपूत और राजेश राजपूत ने बताया कि चंदला-बछौन मार्ग से महाराजनपुरवा बाया बैजू के पुरवा तक 2 किलोमीटर की सड़क और अन्य तीन मार्गों पर निर्माण कार्य में पुलियों में रू5 का उपयोग नहीं किया गया, जिससे उनकी मजबूती प्रभावित हुई है. ग्रामीणों का कहना है कि ये पुलियां एक बारिश का सीजन भी नहीं झेल पाएंगी. ओमप्रकाश राजपूत ने बताया कि अन्य सड़कों में भी गुणवत्ता कम है, जिनमें मुख्य मार्ग से अरखनपुरवा 1.06 किलोमीटर, ग्राम कुरधना से मड़ैयन 1.06 किलोमीटर और बंजारी से पति पुरवा तक सड़क निर्माण शामिल है.

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उपयंत्री और टाइमकीपर मौके पर नहीं आते, जिससे ठेकेदार की मनमानी जारी है. यदि गुणवत्ता सुधार नहीं होती, तो लोकनिर्माण विभाग को पत्र भेजकर कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी. कौशल सिंह, एसडीएम लवकुशनगर ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

# होटलों में गूंजता डीजे, छात्रों की पढ़ाई पर पड़ रहा असर

**न्यायालय की गाइडलाइन भी बेअसर**

नवभारत न्यूज

**16 फरवरी सांची,सांची और विदिशा के बीच लगभग आठ किलोमीटर का फासला अब कागज़ों तक सीमित रह गया है. इस मार्ग पर तेजी से विकसित हो रही बड़ी-बड़ी होटलों और गार्डनों ने दोनों क्षेत्रों को लगभग जोड़ दिया है.**

कृषि भूमि पर बने इन विवाह स्थलों में इन दिनों शादी-विवाह कार्यक्रमों की भरमार है, लेकिन इन आयोजनों में बजने वाले तेज डीजे और ध्वनि यंत्र आसपास के गांवों के छात्रों के भविष्य पर सवाल खड़े कर रहे हैं.जानकारी के अनुसार, सांची-विदिशा मार्ग पर बीते कुछ वर्षों में कृषि भूमि खरीदकर आलीशान होटल और शादी गार्डन तैयार किए गए. इन आयोजनों में देर रात तक तेज आवाज में डीजे और बैंड-बाजों का शोर गूंजता रहता है.

**चेतावनी के बाद भी नियमों का नहीं करते पालन**

जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा भी होटल एवं गार्डन संचालकों को नियमों से अवगत कराते हुए चेतावनी दी गई है. यहां तक कि जिला कलेक्टर द्वारा वार्षिक परीक्षाओं के दौरान ध्वनि नियंत्रण को लेकर निर्देश भी जारी किए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका प्रभाव नजर नहीं आ रहा.ग्रामीणों का आरोप है कि नियमों और आदेशों के बावजूद कुछ संचालक बेखौफ होकर तेज ध्वनि में कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं. यदि समय रहते इस पर सख्ती नहीं बरती गई तो इसका सीधा असर छात्रों के परीक्षा परिणामों पर पड़ सकता है.

## विकासखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता कल

**सिरोंज,** नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने हेतु विकासखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 18 फरवरी को सांदीपनि विद्यालय छात्रावास मैदान पर प्रात: 10 बजे से शुरू किया जावेगा. इस संबंध में जानकारी देते हुए केशव शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 25 वर्ष तक के ग्रामीण क्षेत्र बालक वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित होंगे. विकासखंड स्तर पर विजेता बालक वर्ग की टीम जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में सम्मिलित होगी. जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार, तृतीय पुरस्कार 5 हजार 100 एवं सांत्वना पुरस्कार 1 हजार 100 प्रदान किया जावेगा.

## मंदिर में तोड़फोड़ मामले के खुलासे पर पुलिस टीम सम्मानित



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, क्षेत्र के ग्राम गोपालनगर स्थित लगभग एक हजार वर्ष प्राचीन भगवान विष्णु मंदिर में मूर्ति खंडित करने की घटना का पुलिस ने त्वरित खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.** इस कार्रवाई पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने पुलिस टीम को बधाई देते हुए सम्मानित किया. विधायक शर्मा ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े ऐसे मामलों में तत्परता और गंभीरता से कार्रवाई होना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने मामले का शीघ्र खुलासा करने पर पुलिस अधिकारियों और जवानों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया.

# अधिवक्ता की हत्या से वकीलों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

**15 फरवरी विदिशा/ सिरोंज, शिवपुरी जिले की करैरा तहसील में अधिवक्ता स्व. संजय कुमार सक्सैना की हत्या के बाद पूरे प्रदेश में अधिवक्ता समुदाय में आक्रोश व्याप्त है. इस मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है, जिसे कलेक्टर के माध्यम से भेजा गया. ज्ञापन में बताया गया कि 14 फरवरी 2026 को करैरा में अज्ञात हमलावरों ने अधिवक्ता पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी, जिससे कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं.**



अधिवक्ताओं का कहना है कि हाल के वर्षों में मध्य प्रदेश सहित देशभर में वकीलों पर हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं. इसी घटना के विरोध में मध्यप्रदेश राज्य बार परिषद के आह्वान पर 16 फरवरी को अधिवक्ताओं ने एक दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया. ज्ञापन में प्रमुख मांगें रखते हुए अधिवक्ताओं ने मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा, एक आश्रित को सरकारी नौकरी और सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही अधिवक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की बात भी कही गई है.

## अवैध गतिविधिओं का कारोबार जोरों पर

नवभारत न्यूज

16 फरवरी गंजबासौदा, नगर में सट्टे का कारोबार भी धड़ल्ले से चल रहा है.खुलेआम सट्टे की पर्ची ली जाती है.दुकानों पर बैठकर इसके साथ गांजा अफीम देसी विदेशी शराब भी खूब बिक रही है. रातों में नगर के चारों तरफ कॉलोनी, बेतवा नदी किनारे कृषि फार्म गुलो गुलजार होते हैं.पैसा फेंको तमाशा देखो जहां नशाखोरी होती है. वहां होटल से भोजन पहुंचता है सलाद नमकीन लेकर पहुंचते हैं. सेवादार जिस्मफरोशी भी होती है बाहर से युवतियां आती हैं रात भर रहती हैं सुबह अच्छी खासी रकम लेकर चलती बनती है.यह धंधा नगर में वर्षों से चल रहा है.पूंजीपतियों की औलादें रात्रि के समय हिंसक हो जाती है.लड़ने मारने तैयार रहते हैं नोट खर्च करते हैं सभी नतमस्तक हो जाते हैं.इस और भी ध्यान देने की जरूरत है इससे भी अपराधिक गतिविधियां बढ़ती हैं. बदमाशों की गतिविधियों पर अंकुश कैसे लगे पुलिस को बैठक आयोजित कर जनता से सुझाव लेना चाहिए.गंजबासौदा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बदमाशों की गतिविधियां बरकरार हैं.गिरफ्तारियां भी हो रही हैं पुलिस सक्रिय भी है. इसके बाद भी अपराधों में कमी नहीं आ रही है.

**समारोह** ▸ **कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदस्य राष्ट्रीय मानव अधिकार प्रियंक कानूनगो रहे**

# उमा यश अकादमी विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, दिनांक 14 फरवरी शनिवार को त्योंदा रोड स्थित उमा यश अकादमी हाई स्कूल विद्यालय स्वरूप नगर में वार्षिक महोत्सव समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रियंक कानूनगो माननीय सदस्य राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ,क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी ,पंडित हरि ओम दुबे, त्रिवेश लोधी एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी एवं रामकृष्ण रघुवंशी आदि उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन एवं बच्चों द्वारा तिलक ,फूलमाला एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया. विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बड़ी ही मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की जिनमे गणेश वंदना गुरुकुल शिक्षा से लेकर आधुनिक शिक्षा तथा भारत की संपूर्ण



संस्कृति और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी गई. ऑपरेशन सिंदूर , मिशनचंद्रयान 3 आदि प्रेरणादायक प्रस्तुतियां नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा दी गई. विद्यालय के वार्षिक महोत्सव आयोजन में जब छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों की छटा बिखेरी तो समस्त पालक गण और अतिथि भाव विभोर हो उठे. कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व पूजन से हुई कार्यक्रम में गत वर्ष हुई खेल प्रतियोगिताओं में विजेता टीम तथा बच्चों को मुख्य अतिथि प्रियंक कानूनगो एवं विद्यालय संचालक बृजेश रघुवंशी तथा अतिथियों द्वारा ट्रॉफी ,मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया और मुख्य अतिथि प्रियंक द्वारा विद्यालय के बच्चों को सोशल मीडिया तथा मोबाइल के 10 प्रभावों के बारे में बड़े ही अच्छे ढंग से समझाया गया और बताया गया कि, मोबाइल का उपयोग कब और कितना करना चाहिए. क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह ने स्कूल प्रबंधन एवं नन्हे मुन्ने बच्चों को सफल आयोजन की बधाई दी एवं बच्चों के प्रयासों की सराहना की. कार्यक्रम के अतिथि पंडित हरि ओम जी दुबे ने बच्चों को बधाई देते हुए बताया कि ,इस तरह के आयोजनों से निश्चित ही बच्चों का समग्र विकास होता है.

## पहले फांसी देने की कोशिश फिर पेट्रोल डालकर जलाया

▸ **झुलसी हालत में 4 किमी पैदल चलकर थाने पहुंची महिला**

**छतरपुर,16 फरवरी. सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित नया चंद्रपुर मोहल्ले में एक महिला के साथ पति द्वारा बेरहमी से मारपीट और जलाने का मामला सामने आया है.**

पीड़िता रश्मि राजपूत ने बताया कि उसके पति राजू राजपूत ने पहले दिनभर मारपीट की और फांसी के फंदे पर लटकाकर जान लेने की कोशिश की. किसी तरह बच निकलने के बाद आरोपी ने उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी. महिला ने बताया कि आग लगने के बाद वह जान बचाने के लिए भागी और अंधेरे का फायदा



उठाकर पास के भूसे के ढेर में छिप गई, जहां वह पूरी रात झुलसी हालत में पड़ी रही. सुबह होते ही वह करीब चार किलोमीटर पैदल चलकर सिविल लाइन थाने पहुंची और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी.सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.